# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## श्री सदाशिव परिसर, पुरी, ओडिशा

**का.आ.क्रमाङ्क** - F.N. O-8/2026-27/ 1255 **दिनाङ्क - 08/09/2026**

## चेतावनी पत्र

दिनाङ्क 01.09.2026 को **ITEP** एवं **B.Ed** के स्पॉट एडमिशन की प्रक्रिया के दौरान तथा नियमित निदेशक की अल्पकालीन अनुपस्थिति में **M.Ed** तीसरे सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के एक समूह द्वारा "शिक्षाशौध" के प्रवेश द्वार के अनन्तर विना उचित प्रक्रिया के पालन किये धरना-प्रदर्शन किया गया, और इसका विडियो वायरल हुआ है। यह घटना परिसर की प्रतिष्ठा धूमिल करने का कुत्सित प्रयास है तथा शैक्षणिक और प्राशासनिक वातावरण के लिए सर्वथा हेय है।

ऐसा भी संज्ञान में आया है कि कुछ छात्र बिना उचित प्रक्रिया का पालन किये मनमाने तरीके से मुख्यालय में सीधे शिकायत-पत्र भेजते है, जो अत्यन्त आपत्तिजनक है।

सभी छात्रों को प्रशासन यह निर्देश देता है कि किसी भी तरह की शिकायत होने पर उचित प्रक्रिया **(कक्षाशिक्षक, कक्षासंयोजक, विभागप्रमुख, एसोसिएट डायरेक्टर, डायरेक्टर-क्रमशः)** से अपनी समस्या रखे। उपलब्ध संसाधनोचित तथा न्यायोचित समाधान नही मिलने पर ही मुख्यालय या किसी बाह्य एजेंसी को, वह भी पूर्व सूचना देकर ही किसी तरह का पत्राचार करे।

यदि कोई छात्र अथवा छात्र समूह भविष्य में **उचित प्रक्रिया का अपालन** करता हुआ पाया जाता है, या किसी पूर्वाग्रहवश ऐसा आचरण करता हुआ पाया जाता है, जिससे कि परिसर की प्रतिष्ठा पर आँच आने की सम्भावना बनती है, या अनावश्यक रूप से धरना-प्रदर्शन में शामिल होता है, तो प्रशासन, **विश्वविद्यालय के स्थापित नियमों के अनुसार सख्त से सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही** करेगा, जिसका उत्तरदायित्व सम्बद्ध छात्र या छात्रसमूह का होगा।

**प्रतिलिपि :-** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. समस्त छात्र-छात्राएँ, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
2. समस्त विद्याशाखाध्यक्ष/समन्वयक, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
3. समस्त सङ्काय सदस्य, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
4. समन्वयक IQAC, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी।
5. तकनीकी सहायक, के. सं. वि., श्री सदाशिव परिसर, पुरी। वेबसाइट पर सूचना अपलोड करने हेतु।
6. समस्त नोटिस बोर्ड।
7. सम्बन्धित सञ्चिका।

08/09/2026

**(प्रो. मखलेश कुमार)**
सहनिदेशक(प्रशा.)
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
श्री सदाशिव परिसर, पुरी
(ओडिशा)